भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4015

उत्तर देने की तारीख : 7 अप्रैल, 2022

नव नालंदा महाविहार में पदों को भरा जाना

4015. श्रीमती छाया वर्मा :

श्री राम नाथ ठाकुर :

श्री विशम्भर प्रसाद निषाद :

चौधरी सुखराम सिंह यादव :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत दो वर्षों के दौरान नव नालंदा महाविहार जो कि एक मानद विश्वविद्यालय है, में भरी गई शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक रिक्तियों का पद-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु सरकारी मानकों के अनुसार और शैक्षणिक पदों के लिए यूजीसी मानकों के अनुसार अर्हता मानदंड निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या नियुक्ति में आरक्षण रोस्टर नीति का अनुसरण किया गया है, यदि हाँ, तो क्या विज्ञापन में आरक्षित श्रेणी विशेष के लिए आरक्षित पद को दर्शाया गया है जिस पर नियुक्तियां की गई हैं;

(घ) क्या सरकारी रोजगार में लागू उपबंधों के अनुसार दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए पदों की पहचान की गई है; और

(ड.) क्या सरकार ने नियुक्तियों को अनुमोदन दिया है, यदि हाँ तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है?

उत्तर

(जी. किशन रेड्डी)

संस्कृति, पर्यटन एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री

(क) : विगत दो वर्षों के दौरान नव नालंदा महाविहार में अध्यापन पदों में कुल 14 रिक्तियों और गैर-अध्यापन पदों में 12 रिक्तियों को भरा गया है। तत्संबंधी विवरण अनुलग्नक पर दिया गया।

(ख) : नव नालंदा महाविहार में अध्यापन/गैर-अध्यापन पदों पर सभी नियुक्तियां प्रत्येक पद/ग्रेड के लिए बनाए गए संगत भर्ती नियमों के अनुसार की जाती हैं। इन भर्ती नियमों में संगत सरकारी मानकों/यूजीसी के मानकों के अनुरूप अध्यापन/गैर-अध्यापन पदों पर नियुक्ति के लिए विशिष्ट पात्रता मानदंडों का प्रावधान किया गया है।

(ग) : नव नालंदा महाविहार में सभी पदों/ग्रेडों के संबंध में आरक्षण रोस्टर का रखरखाव किया जाता है। कोई भी नियुक्ति करते समय आरक्षण रोस्टर नीति का सख्ती से अनुपालन

किया जाता है। किसी रिक्ति को भरने के लिए जारी किए जाने वाले सभी विज्ञापनों में रिक्ति की विशेष श्रेणी अर्थात आरक्षित/अनारक्षित को उचित रूप से दर्शाया जाता है।

(घ) : जी, हां।

(ड.) : नव नालंदा महाविहार के उप नियमों के अनुसार, सभी अध्यापन पदों पर नियुक्तियों को अनुमोदित करने हेतु प्रबंधन बोर्ड ही नियोक्ता प्राधिकरण है।

समूह 'ख' और 'ग' पदों (गैर-अध्यापन) पर सभी नियुक्तियों को संस्थान के कुलपति द्वारा अनुमोदित किया जाता है जो इन पदों के संबंध में संगत भर्ती नियमों के अनुसार नियोक्ता प्राधिकारी होते हैं।

नव नालंदा महाविहार के कुलपति की नियुक्ति को संस्कृति मंत्रालय द्वारा अंतिम रूप/अनुमोदित किया जाता है।

अनुलग्नक

"नव नालंदा महाविहार में पदों को भरा जाना" के संबंध में दिनांक 7 अप्रैल, 2022 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4015 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

विगत दो वर्षों के दौरान नव नालंदा महाविहार, नालंदा में अध्यापन और गैर-अध्यापन पदों के लिए भरी गई रिक्तियों को दर्शाने वाला विवरण

अध्यापन स्टाफ

क्र. सं.	पदों का नाम	व्यक्ति का नाम	विभाग का नाम	नियुक्ति की तारीख
1.	प्रोफेसर	प्रो. राणा पुरुषोत्तम कुमार सिंह	बौद्ध अध्ययन	04.11.2020
2.	प्रोफेसर	प्रो. रवीन्द्र नाथ श्रीवास्तव	हिन्दी	04.11.2020
3.	प्रोफेसर	प्रो. सुशिम दुबे	दर्शनशास्त्र	04.11.2020
4	प्रोफेसर	प्रो. विजय कुमार कर्ण	संस्कृत	04.11.2020
5.	एसोसिएट प्रोफेसर	डा. नरेन्द्र दत्त तिवारी	संस्कृत	06.11.2020
6.	एसोसिएट प्रोफेसर	डॉ. प्रदीप कुमार दास	ए. एच. सी. एवं पुरातत्वविज्ञान	09.11.2020
7.	एसोसिएट प्रोफेसर	डॉ. मुकेश कुमार वर्मा	बौद्ध अध्ययन	10.11.2020
8.	एसोसिएट प्रोफेसर	डॉ. मीता	अंग्रेजी	26.11.2020
9.	सहायक प्रोफेसर	श्री भीष्म कुमार	अंग्रेजी	04.11.2020
10	सहायक प्रोफेसर	डॉ. सोनम लामो	बौद्ध अध्ययन	04.11.2020
11	सहायक प्रोफेसर	डॉ. राजेश कुमार मिश्रा	संस्कृत	04.11.2020
12	सहायक प्रोफेसर	डॉ. अनुराग शर्मा	हिन्दी	04.11.2020
13	सहायक प्रोफेसर	डॉ. सुरेश कुमार	बौद्ध अध्ययन	04.11.2020
14	सहायक प्रोफेसर	श्री जितेन्द्र कुमार	ए. एच. सी. एवं पुरातत्वविज्ञान	16.11.2020

गैर-अध्यापन स्टाफ

क्र. सं.	पदनाम	व्यक्ति का नाम	कार्यभार ग्रहण करने की तारीख
1	लेखा अधिकारी	श्री नीतिश कुमार पांडे	12.04.2021
2	निजी सचिव	श्री आलोक रंजन	12.04.2021
3	वरिष्ठ सहायक	श्री राजीव कुमार	12.04.2021
4	वरिष्ठ सहायक	श्री अस्तित्व स्वरूप मिश्रा	12.04.2021
5	आशुलिपिक-सह-टंकक	श्री शुभम मिश्रा	12.04.2021
6	पुस्तकालय सहायक	श्रीमती कोमल भारती	12.04.2021
7	एमटीएस	श्री सोमेश चन्दर	12.04.2021
8	एमटीएस	श्री ललन कुमार	12.04.2021
9	एमटीएस	श्री प्रफुल कुमार	12.04.2021
10	एमटीएस	श्री कारु प्रसाद	12.04.2021
11	एमटीएस	श्री संजय शर्मा	12.04.2021
12	एमटीएस	श्री अंकित कुमार	12.04.2021